कार्यालय कलेक्टर (भू–अर्जन) जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

" सार्वजनिक सूचना "

क्रमांक /2281/भू–अर्जन/2026 जांजगीर, दिनांक 20/02/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग जांजगीर, मुख्यालय चांपा, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) द्वारा बसंतपुर बैराज के डूब क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम–सिलादेही, प.ह.नं.–11, तहसील–बम्हनीडीह, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) के नीचे लिखे वर्णित भूमि को ''आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति 2016'' के तहत् राज्य शासन द्वारा कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग जांजगीर, मुख्यालय चांपा, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) के पक्ष में क्रय करने का विचार कर रही है।

क्र.	भूमि स्वामी का नाम मय वल्दीयत एवं सकुनत	खसरा नम्बर	क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा/क्षेत्रफल	
			एकड	हेक्टेयर
1	2	3	4	5
1	बंशीलाल पिता तखतराम	2857/1	0.05	0.020
2	दुधनाथ पिता बंशीलाल	2857/2	0.05	0.020
3	गुलाबचंद पिता भुलाऊ साहू	2857/3	0.05	0.020
	कुल योग–	03	0.15	0.060

अतः उपरोक्त भू–स्वामी की निजी भूमि को आपसी सहमति से क्रय नीति 2016 के तहत् शासन द्वारा क्रय किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति/संस्था को ऊपर वर्णित भूमि के स्वत्व के विषय में कोई आपत्ति हो, तो वे दिनांक 09.3.2026 तक अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू–अर्जन अधिकारी चांपा के न्यायालय में अपनी आपत्ति लिखित रूप में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.2.2026 को मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

कलेक्टर
जांजगीर–चांपा (छ.ग.)

पृ.क्रमांक /2282/भू–अर्जन/2026 जांजगीर, दिनांक 20/02/2026

प्रतिलिपि,

01. संचालक, जन संपर्क संचालनालय, रायपुर की ओर एक स्थानीय एवं एक राज्य स्तरीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन कराये जाने हेतु अग्रेषित।
02. प्रभारी अधिकारी नाजरात शाखा जिला कार्यालय जांजगीर की ओर कार्यालय के सूचना पटल में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन हेतु।
03. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू–अर्जन अधिकारी चांपा की ओर कार्यालय के सूचना पटल में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन हेतु।
04. कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग जांजगीर, मुख्यालय चांपा, जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) की ओर कार्यालय के सूचना पटल में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन हेतु।
05. तहसीलदार–बम्हनीडीह की ओर तहसील कार्यालय के सूचना पटल में सार्वजनिक सूचना का प्रकाशन हेतु।
06. जिला सूचना विज्ञान अधिकारी जांजगीर की ओर विभागीय वेब साइड में अपलोड किये जाने हेतु।
07. ग्राम पंचायत सिलादेही की ओर सूचनार्थ। सार्वजनिक सूचना को अपने पंचायत कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा कर प्रदर्शित करने हेतु।

कलेक्टर
जांजगीर–चांपा (छ.ग.)